**खण्ड – ख**

**प्रश्न संख्या 21 से 26 अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं ।**

21. (a) अपघटन (वियोजन) अभिक्रिया की परिभाषा लिखिए । फेरस सल्फेट के क्रिस्टलों के तापीय अपघटन को दर्शाने के लिए रासायनिक समीकरण लिखिए । **2**

**अथवा**

(b) संतुलित रासायनिक समीकरण से क्या तात्पर्य है ? किसी समीकरण को संतुलित करना क्यों आवश्यक है ? **2**

22. दो परखनलियों A और B, प्रत्येक में 1 mL स्टार्च विलयन लिया गया । केवल परखनली A में 1 mL लार मिलायी गयी और दोनों परखनलियों को कुछ मिनटों के लिए बिना हिलाए-डुलाए ऐसे ही छोड़ दिया गया । फिर दोनों परखनलियों में तनु आयोडीन विलयन की कुछ बूंदें डाली गयीं । **2**

(a) इनमें से किस परखनली के विलयन के रंग में परिवर्तन देखा गया ? परिवर्तित रंग का नाम लिखिए ।

(b) इस कार्यकलाप से क्या निष्कर्ष निकाला जा सकता है ?

23. मानवों में उपस्थित दो प्रकार की जनन कोशिकाओं के नाम लिखिए । इन दोनों के बीच दो संरचनात्मक अन्तरों की सूची बनाइए । **2**

24. (a) प्रकाश के अपवर्तन के दो नियम लिखिए । **2**

**अथवा**

(b) किसी माध्यम के निरपेक्ष अपवर्तनांक की परिभाषा लिखिए । कोई प्रकाश किरण निर्वात से अपवर्तनांक 1.5 के काँच में प्रवेश करती है । काँच में प्रकाश की चाल ज्ञात कीजिए । निर्वात में प्रकाश की चाल $3 \times 10^8$ m/s है । **2**

25. ओम के नियम का उपयोग करके जब नीचे दिए गए आरेख के विद्युत परिपथ में कुंजी बन्द है, तब 3 Ω प्रतिरोधक के सिरों पर विभवान्तर निर्धारित कीजिए : **2**



